कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी) महाविद्यालय,
रायगढ़ (छ.ग.)
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)
Email - kgcraigarh1958@gmail.com www.kgcollegeraigarh.ac.in

कमांक / 0 /छात्रवृत्ति/2025 रायगढ़, दिनांक–18.08.2025

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में आवश्यक सूचना सत्र 2025–26 (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग)

इस महाविद्यालय में सत्र 2025–26 में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियों के द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 26.08.2025 तक प्रस्तुत किया गया है वे अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों को निम्नलिखित तिथियों में महाविद्यालय में जमा करें, **26.08.2025 के पश्चात् आवेदन करने वाले विद्यार्थियों हेतु जमा करने हेतु अलग से तिथियां निर्धारित की जावेंगी।**

**रसायनशास्त्र विभाग श्री एल.के.सिदार, प्रयोगशाला तकनीशियन**

1. दिनांक 27.08.2025 से 28.08.2025 तक बी.ए. प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 29.08.2025 से 30.08.2025 तक बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं

**कम्प्यूटर कक्ष श्री केशव चौहान**

1. दिनांक 27.08.2025 से 28.08.2025 तक बी.एस.सी./बी. कॉम प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 29.08.2025 से 30.08.2025 तक बी.सी.ए./बी.कॉम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं

**वनस्पति विभाग श्री पी.आर. राठिया, प्रयोगशाला तकनीशियन**

1. दिनांक 27.08.2025 से 28.08.2025 तक बी.एस.सी प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 29.08.2025 से 30.08.2025 तक बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की कक्षाएं

**स्वशासी प्रकोष्ठ श्री पी.के.मिंज, प्रयोगशाला तकनीशियन**

1. दिनांक 27.08.2025 से 28.08.2025 तक बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की कक्षाए

**भूगोल विभाग श्रीमती लेखा सारथी, प्रयोगशाला तकनीशियन**
(समय 12 बजे से 04 बजे तक)

1. दिनांक 27.08.2025 से 30.08.2025 तक एम.ए./एम.एस.सी की समस्त कक्षाएं

नोट :–

1. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पूर्व NSPOTR https://scholarships.gov.in/otrapplication/#/ करें।
2. सभी विद्यार्थी को अपने जीवित बैंक खाता को आधार सीडींग करने के उपरांत ही आवेदन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में मोबाईल नं. एवं ई–मेल आई–डी को न बदलें।
3. सभी विद्यार्थी संलग्नक निर्धारित कम के अनुसार ही आवेदन में अटैच करें।
4. बैंक खाता नं. एवं आई.एफ.एस.सी. कोड को आवेदन में सावधानी से भरें।

18/8/25

5. लॉक करने के पूर्व एक बार अच्छी तरह मिलान कर लेवें।

**6. नियमानुसार केवल एक ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करे, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।**

संलग्नों की सूचीः—

1. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट
2. छात्रावास में रहने का अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाणपत्र की मूल प्रति (यदि लागू हो तो)
3. 10वीं,12वीं की अंकसूची की छायाप्रति
4. **गेप सर्टिफिकेट** (यदि आवश्यक हो तो)
5. विगत वर्ष की अंकसूचीयों की छायाप्रति (स्नातक / स्नातकोत्तर)
6. आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति(वर्तमान वित्तीय वर्ष का हो) केवल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए, पाठ्यक्रम के **द्वितीय एवं तृतीय वर्ष** के लिए आवेदक को **10रू.** के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित फार्मेट में नोटरी द्वारा शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
   **( अनुसूचित जाति / जनजाति हेतु अधिकतम 2.5 लाख एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु अधिकतम 01 लाख)**
7. स्थायी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति / अस्थायी जाति प्रमाण पत्र होने पर 06 माह के भीतर का जारी दिनांक हो।
8. छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
9. महाविद्यालय के प्रवेश रसीद की छायाप्रति
10. बैंक खाता की छायाप्रति (बैंक खाता संख्या सुस्पष्ट एवं पठनीय हो)
11. आधार कार्ड की छायाप्रति
12. शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप में)

प्रतिलिपि :—

01. नोडल अधिकारी श्री मदन कुमार पटेल को सूचनार्थ

02. श्री / श्रीमती / कु. ........................................................को सूचनार्थ एवं पालनार्थ। आप विद्यार्थियों से आवेदन जमा करते समय समस्त दस्तावेजों को अनिवार्यतः जांच कर पात्र पाये जाने पर ही आवेदन जमा करें। फार्म / दस्तावेज गलत पाये जाने पर विद्यार्थी को सुधार कर जमा करने हेतु निर्देशित करें।(संलग्नक का कम विशेष रूप से ध्यान रखा जावे) आवेदन सही पाये जाने पर फार्म स्वीकार कर हस्ताक्षर करें। फार्म जमा करने वाले विद्यार्थियों का सूची अनिवार्य रूप से रजिस्टर में तैयार करें।

18/8/25

प्राचार्य
किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)**

**☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558**

**Email Id - pmscstobc@gmail.com**


क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा. / 215 / 2025–26 / 1742 नवा रायपुर, दिनांक 19 / 05 / 2025

: : सूचना प्रकाशन : :

**वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2025–26 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :–

| आवेदन का प्रकार | विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि | स्वीकृति एवं डिसबर्स | | संभावित भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | शासकीय | अशासकीय | |
| नवीनीकरण | 31 मई 2025 तक | 07 जून 2025 तक | 10 जून 2025 तक | 10 जून 2025 |
| | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |
| नवीन | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 सितंबर 2025 तक | 07 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |

विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025–26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. **छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :–**
   अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय–सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय–सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने **सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते** की प्रविष्टि आनलाइन आवेदन करते समय सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।
4. वर्ष 2025–26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

अग्रेषित
12/06/25

19/5/2025

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

Scanned with OKEN Scanner

**कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी) महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)**
**Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)**
Email - kgcraigarh1958@gmail.com www.kgcollegeraigarh.ac.in

# सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को NSP के वेबसाइट में https://scholarships.gov.in/ में OTR कराना आवश्यक है।

सत्र 2025–26 में आवेदन करने की तिथियों की जानकारी संलग्न है, अतः विद्यार्थी यथाशिघ्र छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पूर्व ही अपना One Time Registration (OTR) करना सुनिश्चित करें।

नोट :– छात्रवृत्ति एवं OTR से संबंधित समस्याओं के लिए कम्प्यूटर कक्ष में संपर्क करें।
छात्रवृत्ति संबंधित सूचनाओं के लिए महाविद्यालय के वेबसाईट का सतत् अवलोकन करते रहें।

12/06/25

प्राचार्य
कि.शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# घोषणा पत्र

(पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए)

मैं.......................................................पिता..............................................निवासी.........................

पोस्ट....................................तहसील......................................घोषणा करता/करती हूं कि शासन/महाविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं/निर्देशों का अवलोकन करूंगा/करूंगी एवं तदनुसार उसका समयावधि में पालन करूंगा/करूंगी।

छात्रवृत्ति हेतु शासन/महाविद्यालय द्वारा जो सूचना चस्पा की जावेगी अथवा दी जावेगी तदनुसार निर्धारित अवधि में हस्ताक्षर/दस्तावेज जमा करने हेतु उपस्थित रहूंगा/रहूंगी, अन्यथा मेरी छात्रवृत्ति निरस्त की जा सकेगी, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

मेरा बैंक खाता संख्या..................................................बैंक का नाम............................................ बैंक शाखा..........................................है जिसे आधार कार्ड नम्बर.............................................से लिंक करवाया गया है।

मेरे द्वारा इस सत्र 2025–26 में केवल 01 ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है, एवं मैं अन्य किसी भी प्रकार के छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं करूंगा/करूंगी। उक्त जानकारी यदि गलत पाई जाती है तो यह आवेदन निरस्त हो जावेगा एवं छात्रवृत्ति की राशि वापस ली जाकर हमारे खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

पालक का हस्ताक्षर

नामः–....................................................

पताः–....................................................

मोबाईल नम्बर–..................................

हस्ताक्षर

नामः–....................................................

पताः–....................................................

मोबाईल नम्बर–.....................................

Scanned with OKEN Scanner